कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ(जयपुर)
पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान
Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu
email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

क्रमांक : रा.क.म.चौ. / संस्था / 2023 / 1983-A दिनांक : 10/03/2023

# वार्षिक प्रतिवेदन 2023

महोदय, चौमूँ एवं इसके आसपास के क्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं को इसी क्षेत्र में, उच्च शिक्षा की समुचित सुविधा प्रदान कर उनकी उड़ान को एक 'नया आसमान' देने के उद्देश्य से सन 1999 में राजस्थान सरकार द्वारा स्नातक स्तर पर कला एवं वाणिज्य संकाय के साथ इस महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया। सन 2012 में इतिहास में स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारंभ के साथ यह महाविद्यालय स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमोन्नत हो गया तथा वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय तथा स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास, हिन्दी, राजनीतिविज्ञान एवं विज्ञान संकाय में रसायन शास्त्र में कक्षाएं संचालित हो रही है तथा अन्य विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएँ प्रारंभ करने हेतु प्रयास जारी है।

यह महाविद्यालय अपने प्रारंभ से ही छात्राओं का सर्वांगीण विकास कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु प्रयत्नशील रहते हुए, उनके अध्ययन – अध्यापन के साथ–साथ अन्यान्य गतिविधियों में छात्राओं की अधिकतम भागीदारी हेतु भी सदैव प्रयासरत रहा है। यही कारण है कि यहाँ की छात्राओं ने, न केवल महाविद्यालय स्तर पर, वरन् विश्वविद्यालय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

महोदय, यह बताते हुए मैं गौरवान्वित अनुभव कर रही हूँ कि महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम सदैव (90 प्रतिशत से अधिक) श्रेष्ठ ही रहे हैं तथा सत्र 2021 में महाविद्यालय की एमएससी रसायन शास्त्र की छात्रा आकांक्षा शर्मा ने पूरे विश्वविद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त कर इसी वर्ष दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। आज इस अवसर पर मैं आकांक्षा शर्मा को हार्दिक बधाई और शुभकामना देना चाहती हूँ। आकांक्षा की इस उपलब्धि के लिए रसायन शास्त्र विभाग के शिक्षक भी साधुवाद के पात्र हैं।

अध्ययन के साथ–साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी यहां की छात्राएँ अग्रणी रही है तथा महाविद्यालय के साथ–साथ अंतर महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परिचय देती रही हैं। इसी वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मिनी गोल्फ टूर्नामेंट में महाविद्यालय की छात्रा किरण कुडी ने कांस्य पदक एवं मौसम चौधरी ने रजत पदक प्राप्त किया तथा अतंर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग (पिस्टल 10 मीटर) और कबड्डी में भाग लिया तथा यह बताते हुए मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है कि

महाविद्यालय की छात्रा प्रिया सैनी ने 400 मीटर दौड़ में 'कांस्य पदक' तथा 800 मीटर दौड़ में 'रजत पदक' प्राप्त किया है। मैं इस छात्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देती हूँ तथा महाविद्यालय के खेल प्रभारी को साधुवाद देती हूँ।

महोदय, यहां की छात्राएँ खेल गतिविधियों के साथ–साथ अन्य समाज उपयोगी कार्यों, राष्ट्रीय महत्व के कार्यों, सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों, अखिल मानवता के हित की योजनाओं में भी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर इकाई, नवाचार प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, मानवाधिकार प्रकोष्ठ, कौशल विकास उद्यमिता एवं रोजगार प्रकोष्ठ, युवा कौशल परामर्श प्रकोष्ठ, साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, खेलकूद समिति, गांधी अध्ययन केंद्र, राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र, विज्ञान एवं इको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श क्लब, उपभोक्ता क्लब, रेड रिबन क्लब आदि द्वारा वर्ष भर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं स्पर्धाओं के माध्यम से जुड़ती रही हैं।

महाविद्यालय की ये सभी समितियाँ, इनके प्रभारी एवं सदस्य सदैव जागरूक रहकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित और संचालित करते रहे हैं। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी यहाँ के शिक्षक एवं छात्राओं द्वारा आस पास के समुदाय को जागृत करने का निरंतर प्रयास किया गया।

इस वर्ष भी "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय की रोवर स्काउट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं एवं प्रभारी द्वारा जन जागरण रैली निकाली गई एवं पोस्टर लगाए गए।

महाविद्यालय सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यकमों में सकीय भागीदारी निभाता रहा है। गांधी जयंती के अवसर पर उपखंड स्तर पर सहभागिता करने के अतिरिक्त चौमूं तहसील के 41 उच्च शिक्षण संस्थाओं के नोडल के रूप में कार्यकम का समन्वय व संचालन महाविद्यालय द्वारा किया गया। इसी तरह से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी में भी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा राजस्थान पत्रिका के 'हरियालो राजस्थान' से जुड़कर वृक्षारोपण भी किया।

महोदय 19 से 26 दिसंबर तक मॉडल स्टेट राजस्थान की सामाजिक सुरक्षा एवं फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा दिनांक 26–12–2022 को आयोजित समारोह में लगभग 93 छात्राओं को 160 पुरस्कार वितरित किए गए। दिनांक 23–12–2022 को छात्राओं को काली बाई भील मेघावी स्कूटी योजना के तहत 20 एवं देवनारायण स्कूटी योजना के अन्तर्गत 14 कुल 34 स्कूटियां भी वितरित की गई।

महोदय, महाविद्यालय स्तर पर भी छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय के विभिन्न समितियों द्वारा वर्ष भर में विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसी सत्र में छात्राओं में कौशल विकास कर स्वरोजगार की प्रवृति विकसित करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये–

1. गृह विज्ञान विभाग द्वारा बुनकर सेवा संस्थान, जयपुर के सहयोग से हेण्डलूम कार्यशाला आयोजित कर हाथकरघे पर प्लास्टिक तथा अन्य व्यर्थ पदार्थों से बुनाई कर बैग निर्माण एवं वस्त्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

2. महाविद्यालय एवं उत्तमा सेवा समिति के मध्य एमओयू के तहत– एग्रो प्रोसेसिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग, औषधियुक्त पौधों और विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।
3. महाविद्यालय एवं मैसर्स एके इंटरनेशनल, जयपुर के मध्य एमओयू के तहत– छात्राओं को प्राकृतिक रंगों से वस्त्रों की रंगाई एवं हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया।
4. उत्तमा सेवा समिति एवं कृषि विज्ञान केंद्र, टांकरडा के सहयोग से खाद्य प्रसंस्करण कार्यशाला में फल सब्जियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने तथा उनसे विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।
5. उत्तमा सेवा समिति एवं कृषि विज्ञान केंद्र टांकरडा के सहयोग से ही ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने हेतु जीवामृत तैयार कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा प्राकृतिक कृषि और फव्वारा सिंचाई पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया।
6. महाविद्यालय में राजीव गांधी सेवा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों को एच. सी. एल. टेकबी (TechB) के द्वारा करवाए जाने वाले कंप्यूटर कोर्स की जानकारी प्रदान कर आईटी सेक्टर में केरियर की संभावनाओं से परिचित करवाया गया।
7. राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र एवं नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया समूह के सहयोग से महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं हेतु 'कंेपस प्लेसमेंट ड्राइव' का आयोजन कर आईसीआईसीआई बैंक के विभिन्न पदों पर रोजगार की जानकारी उपलब्ध करवाई गई।
8. महाविद्यालय की गृह विज्ञान एवं भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु जयपुर स्थित बिरला प्लेनेटोरियम एवं गारमेंट डाइंग यूनिट व एक्सपोर्ट हाउस ले जाया गया, जहां छात्राओं ने प्रिटिंग के साथ–साथ विविध प्रकार के परिधान निर्माण फिनिशिंग एवं एक्सपोर्ट प्रक्रिया को भी समझा।

9. शैक्षणिक भ्रमण द्वारा छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने के क्रम में महाविद्यालय के भूगोल एवं इतिहास विभाग द्वारा छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु जल महल, कनक वृंदावन, आमेर महल एवं आमेर अरावली श्रेणी के वन क्षेत्र का भ्रमण करवाया गया।

महोदय, छात्राओं में कौशल विकास के साथ–साथ स्वास्थ्य हेतु चेतना जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा उत्तमा सेवा समिति एवं बराला हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा, बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर एवं ट्रोमा की स्थिति में रोगी को दी जाने वाली सहायता का प्रशिक्षण दिया गया तथा जांच शिविर में छात्राओं के स्वास्थ्य की भी जाँच की गई।

छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सक परामर्श हेतु महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर इकाई द्वारा 'अखिल भारतीय स्वास्थ्य जनचेतना यात्रा के सौजन्य से डॉक्टर प्रतिभा उपाध्याय द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें छात्राओं की जाँच कर परामर्श एवं निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया।

छात्राओं के दैनिक जीवन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य हेतु बेहद उपयोगी राजस्थान सरकार की 'आई एम शक्ति उड़ान' योजना के तहत प्रतिमाह केम्प लगाकर छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला प्रकोष्ठ, राज्य महिला नीति समिति द्वारा 'आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान जयपुर' के सहयोग से नेत्रदान का महत्व समझा कर नेत्रदान हेतु प्रोत्साहित भी किया गया।

महोदय, छात्रा सुरक्षा हेतु कृत संकल्प रहते हुए महाविद्यालय द्वारा राजस्थान पुलिस विभाग के सहयोग से आत्मरक्षा जागरूकता अभियान के तहत 'निर्भीक रहो निडर बनो' कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विधि विशेषज्ञ के द्वारा महिला अधिकारों से संबंधित अधिनियमों की जानकारी भी दी गई।

महोदय, छात्राओं की प्रतिभा को मुखर अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान कर उनके व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से महाविद्यालय में संचालित समितियों द्वारा विभिन्न दिवसों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन सत्र पर्यन्त किया गया।

आज उन समस्त प्रतियोगिताओं में अपनी योग्यता एवं प्रतिभा का परिचय देने वाली छात्राओं एवं वार्षिक परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, मैं उन सभी छात्राओं को साधुवाद, बधाई एवं शुभकामना देती हूँ तथा आप सभी छात्राओं से यह अपेक्षा करती हूं कि इससे प्रेरणा लेकर भविष्य में अपनी प्रतिभा का परिचय देने हेतु तत्पर रहेगीं।

महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को, मैं निकट भविष्य में ही प्रारंभ होने वाली परीक्षा हेतु भी शुभकामना देती हूँ। अंत में आप सभी आगंतुक अतिथि गण का मैं एक बार पुनः स्वागत एवं अभिनंदन करती हूँ तथा आभार व्यक्त करती हूँ कि हमारे आग्रह को स्वीकार करते हुए आपने अपना अमूल्य समय हमें प्रदान किया।

धन्यवाद।

10/03/23
प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
चौमूँ (जयपुर)